महत्वपूर्ण एवं खास

रामकुमार अग्रवाल की नौवीं पुण्यतिथि 28 को

रायगढ़। जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा रायगढ़ एवं पीपुल्स फर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जननायक रामकुमार अग्रवाल की नौवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 28 मार्च गुरुवार को संविधान, लोकतंत्र व राष्ट्रीय एकता की हिफाजत विषय पर संगोष्ठी आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसके प्रमुख वक्ता जनवादी विचारक, अल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाईज एसोसिएशन के सहसचिव साथी बी सान्याल होंगे। बी सान्याल एवं डॉ. उषा आठले ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। अन्य विद्वतजनों से भी विचार विमर्श किया जा रहा है।उक्त निर्णय एन आर प्रधान शिक्षाविद की अध्यक्षता में जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा रायगढ़ की बैठक में लिया गया। बैठक में उक्त महत्वपूर्ण संगोष्ठी की अध्यक्षता के लिये देश के प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, समीक्षक एवं साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रभात त्रिपाठी का नाम सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया गया है। इस महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बार एसोसिएशन, प्रबुद्धजनों, सभी सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं एवं जनसंगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

रायगढ़। भजनडिपा मोहल्ले में सारे राह लोहे से बना हथियार लहराने वाले युवक को जूटमिल चौकी पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी जूटमिल में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक झामलाल मार्को को मुखबिर ने शाम को सूचना दी कि एक व्यक्ति मिटठुमुड़ा भजनडीपा जुटमिल के पास चाकु लहरा रहा है, और लोगों को भयभीत कर रहा है। इस पर सउनि झामलाल हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जहां रवि चौहान पिता स्व प्रितीपाल चौहान उम्र 30 वर्ष कायाघाट मुक्तिधाम चौकी जुटमिल रायगढ़ को अवैध रूप से कत्तानुमा चाकू को लहराते हुए पकड़े। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली जूटमिल मे धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

श्रीरामनवमी शोभायात्रा की तैयारी के लिए बैठक 14 अप्रैल को

रायगढ़। प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी आगामी चैत्र-नवरात्रि

14 अप्रैल को भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बीतें 5 वर्षों से निकाली जा रही श्रीरामनवमी-शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति से जुड़े युवाओं की पहली औपचारिक बैठक आज 18 मार्च को शाम 4 बजे सुभाष चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में आहूत की गई है।

रायगढ़ लोकसभा से विष्णु साय का नाम लगभग तय ,जल्द ही हो सकती है घोषणा

रायगढ़। 2019 लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने रायगढ़ सहित 5 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद बीजेपी भी जल्द अपने प्रत्याशियों के पत्ते खोलने वाली है। रायगढ़ लोकसभा सीट की बात करें तो यहां से लालजीत राठिया का नाम सामने आने के बाद भाजपा भी इस सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा करने तैयार बैठी है । सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने इस सीट से वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय का नाम लगभग तय कर चुकी है जिसकी बहुत जल्द औपचारिक घोषणा भी हो सकती है।

साय का रथ रोकने कांग्रेस ने बदली चाल, लोकसभा के लिए लालजीत को कमान

रायगढ़। लोकसभा में बीते 20 साल से काबिज सांसद विष्णुदेव साय को रोकने के लिए कांग्रेस ने रणनीति बदल ली है। पार्टी ने पैनल में आए नामों से विपरीत जाकर और रायगढ़ सारंगढ़ राजघराने को दिरकिनार कर विधायक लालजीत को मैदान में उतार दिया है। धरमजयगढ़ में कंवर समाज की बहुलता तथा विधानसभा में लालजीत व कांग्रेस को मिले समर्थन के कारण पार्टी को ऐसा करने पर मजबूर होना पड़ा है।

विधानसभा में मिली अप्रत्याशित जीत के बाद कांग्रेस लोकसभा के लिए भी कोई कमी नहीं छोड़ना चाह रही है। यही कारण है कि टिकट वितरण में भी बीजेपी से पहले अपना प्रत्याशी घोषित कर पार्टी ने मनोवैज्ञानिक रूप से बढ़त ले ली है। कांग्रेस ने लोकसभा में जीत के लिए इस बार धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया को उतारकर कंवर कार्ड खेला है। दरअसल रायगढ़ लोकसभा सीट कंवर आदिवासी बाहुल्य वाली एसटी सीट है। जहां कंवर मतदाताओं की संख्या करीब 20 से 22

प्रतिशत है। धरमजयगढ़ लैलूंगा वाले आदिवासी ब्लाक में गोड़ की जगह कंवर समाज के लोग अधिक हैं। धरमजयगढ़ विधानसभा की ही बात करें तो यहां करीब 75 फीसदी मतदाता कंवर समाज के हैं और इनका सामाजिक केंद्र बिंदु भी धरमजयगढ़ ही है।

वहीं विधानसभा चुनाव में बीते दो बार से पार्टी को जीत दिलाने वाले लालजीत राठिया ने इस बार पार्टी को 41 हजार की बढ़त दिलाई थी। ऐसे में विष्णुदेव साय का विजयी रथ रोकने के लिए कांग्रेस ने अपनी रणनीति बदली है और पैनल में चल रहे नामों एवं रायगढ़ तथा सारंगढ़ राजघराने से किसी उम्मीदवार को टिकट देने की जगह लालजीत पर दांव खेला है। सांसद साय अब तक लोकसभा चुनाव में धरमजयगढ़ एवं लैलूंगा विस सीट से अच्छी बढ़त लेते रहे हैं लेकिन अब लालजीत के आने से उन्हें कड़ी टक्कर मिलेगी।

रेस से बाहर हुए दिग्गज कांग्रेसी

कांग्रेस ने संकल्प शिविर का आयोजन कर रायगढ़ एवं जशपुर से टिकट के संभावित दिग्गजों के नाम पैनल में लिए थे। इसमें पूर्व आईएएस सरजियस मिंज का नाम सबसे अहम था। इसके अलावा रायगढ़ एवं सारंगढ़ राजघराने से भी नाम प्रस्तावित किए गए थे।

इसमें मेनका सिंह, आरती सिंह एवं उर्वशी देवी का भी नाम चल रहा था लेकिन पार्टी ने सबको रेस से बाहर कर कंवर समाज बाहुल्य एवं धरमजयगढ़ में कांग्रेसी लहर को देखकर लालजीत को टिकट दी है।

होली के लिए सज गए बाजार, आने वाले दो दिन जमकर होगी खरीददारी

रायगढ़। होली पर्व को लेकर शहर में दुकानदारों ने तैयारियां करनी शुरू कर दी है। शहर में दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। होली पर्व पर दुकानदारों ने इस बार नए-नए विशेष आइटम रखी है जो बच्चों को काफी पसंद आएगी। होली पर्व को कुछ दिन ही शेष है ऐसे में शहर में दुकानदारों ने शहर के चौक-चौराहों पर स्टाल लगानी भी शुरू कर दी है। बाजार में दुकानदारों ने दुकानों के सामने पिचकारी के साथ अन्य आइटमों को भी सजाना शुरू कर दिया है ताकि ग्राहक भिन्न प्रकार की पिचकारी को देखकर आकर्षित हो। वहीं इस बार भी स्टालों पर लाल, नीला, पीला, गुलाबी, बैंगनी, संतरी, सफेद व अन्य कई रंग भी बिक रहे हैं। वहीं टैंक, छोटा भीम, शाका-लाका- बुम-बुम, डोरिमोन, गाड़ी व अन्य कई

प्रकार की पिचकारी भी शामिल है।

वहीं युवकों को सेंट गुलाल काफी पसंद आ रहा है। गुलाल से महक आने के कारण युवक इस सेंट गुलाल की अधिक खरीद करते हुए नजर आ रहे हैं।

होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने के लिये पुलिस कंट्रोल रूम में हुई शांति समिति की बैठक

हुड़दंग करने वाले हुड़दंगियों पर होगी कड़ी कार्यवाही

रायगढ़। होली के त्यौहार के मद्देनजर आज शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित शहरवासियों को संबोधित करते हुए एएसपी अभिषेक वर्मा ने कहा कि होली हम सबका त्यौहार है। होलिका दहन ने दूसरे दिन रंग-गुलाल के साथ पूरे 48 घंटे होली का त्यौहार मनाया जाता है।

होली का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने के मकसद से पुलिस की ओर से सभी मोहल्लों में पेट्रोलिंग की जायेगी चूंकि चुनाव आचार संहिता भी लगा हुआ है इसलिए इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि रात 10.30 बजे के बाद डीजे आदि ध्वनिविस्तारकों का उपयोग न किया जाये। इसके साथ ही होलिका दहन के दिन फ्लैग -मार्च करेगी। उन्होंने बताया कि होली के दरम्यिान बाईकर्स और शराब के नशे में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की चौकस निगाह रहेंगी। होलिका दहन स्थलों पर फायर ब्रिगेड और पुलिस बल की तैनाती रहेगा।

पिकनिक मनाने गए बच्चो पर मधुमक्खियों ने किया हमला

मौके पर पुलिस की टीम पहुचकर बच्चों को सुरक्षित निकाला

रायगढ़ (आरएनएस)। पिकनिक मनाने पहुंचे स्कूलों के नौनिहालों के साथ गंभीर घटना घट जाती यदि मौक़े पर पुलिस ना होती। दरअसल स्कूल का स्टाफ 56 बच्चों के साथ रामझरना पहुँचा था। जहाँ धुंए की वजह से मधुमक्खियों के झूंड ने हमला कर दिया। बुरी तरह हड़बड़ाए बच्चों के साथ अनहोनी हो सकती थी लेकिन तभी भूपदेवपुर पुलिस वहाँ देवदूत की तरह अवतरित हुई और मच्छरदानियों के भीतर बच्चों को टोलियों में वहाँ से हटाया गया। वहीं स्कूल टीचर डंक से बचने के लिए झरने के पानी में कूदे। वहां भी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया।

मामला भेंगारी मिडिल स्कूल के बच्चों का है जो कि अपने शिक्षिकों के साथ पिकनिक मनाने पहुँचे थे। खाना बनाने के दौरान धुंए ने मधुमक्खियों को विचलित कर दिया और वे आक्रामक होकर हमला करने लगीं, शिक्षकों ने आनन फ़ानन में बच्चों को किनारे करने की कोशिश की, संयोग से भूपदेवपुर थाना प्रभारी चमन सिंह स्टाफ़के साथ वहाँ पहुँचे और बच्चों को बचाने के लिए थाने से मच्छरदानीयां मँगाई गई और उसके कव्हर के साथ नौनिहालों को वहां से बमुश्किल निकाला जा सका।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुंज लाल वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480